VISHWA CHETHANA DEGREE COLLEGE

SE – 156

**II Semester B.C.A./B.Sc. (FAD) Examination, June/July 2025**
**(SEP Scheme)**
**HINDI LANGUAGE**
**Paper – II : Kavitha, Vaignanikon Ka Parichay aur Sankshepan**

Time : 3 Hours　　　　Max. Marks : 80

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्य में लिखिए । **(10×1=10)**

1) जगत में अपना काम स्वयं कौन करते हैं ?
2) मातृभूमि की करधनी क्या है ?
3) कवयित्री किसका बाज़ार लगाना चाहती है ?
4) मिट्टी किसके दमकने से तप जाती है ?
5) मातृभूमि का जल किसके समान है ?
6) बीती बातें किसे भूल जानी चाहिए ?
7) गोवर्धन पर्वत को उंगली पर किसने उठाया ?
8) दुरुह चक्रव्यूह में आकर कौन घिर गया ?
9) ''टूटा पहिया'' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए ।
10) हारें हुए चरण किसके होंगे ?

II. किन्हीं **दो** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । **(2×7=14)**

1) तुलसी कया खेत है, मनसा भये किसान ।
पाप पुण्य दोउ बीज है, बुवै सो लुनै निंदान ।।

2) आंधी आये तो उड़ जाए, पानी बरसे तो गल जाए ।
फसलें उगती, फसलें कटती, लेकिन धरती चिर उर्वर है ।
सौ बार बने, सौ बार मिटे, लेकिन धरती अनिश्वर है ।
मिट्टी गल जाती, लेकिन उसका विश्वास अमर हो जाता है ।

P.T.O.

3) आज करना है, जिसे करते उसे है आज ही,
सोचते कहते हैं, जो कुछ कर दिखाते हैं वही ।
मानते जी की है, सुनते है सदा सब की कही,
जो मदद करते हैं, अपनी इस जगत में आप ही,
भूल कर वे दूसरों का मुँह कभी तकते नहीं,
कौन ऐसा काम है, वे कर जिसे सकते नहीं ।।

III. किन्हीं **दो** कविताओं का सार लिखकर विशेषताओं का वर्णन कीजिए । **(2×15=30)**

1) मातृभूमि

2) कर्मवीर

3) जो बीत गई ।

IV. टिप्पणी लिखिए (कोई **एक**) : **(1×6=6)**

1) मिट्टी की महिमा

2) टूटा पहिया ।

V. किसी **एक** वैज्ञानिक का परिचय लिखिए । **(1×10=10)**

1) एस. सोमनाथ

2) डॉ. होमी जहांगीर भाभा

VI. निम्नलिखित अवतरण का उचित शीर्षक लिखकर **एक तिहाई** शब्दों में संक्षेपण कीजिए । **(1×10=10)**

व्यायाम का प्रभाव दिल पर ही नहीं, दिमाग पर भी खूब पड़ता है । उसके द्वारा मस्तिष्क का विकास होता है । उसी से मानव में समय, धैर्य, सहनशीलता और क्षमा आदि उत्तम गुण सहज ही जन्म लेते हैं तथा छल, कपट, धोखा और झूठ आदि बुरे गुण दूर होते हैं । यदि हम आत्मा की रक्षा कर लेना चाहते हैं, तो हमें प्रतिदिन नियमपूर्वक व्यायाम करना होगा । विवेकानंद जी ने एक बार कहा था ''व्यायाम और गीता पाठ इन दोनों में से तुम्हें एक को चुनना होगा, तो मैं कहूँगा व्यायाम को चुन लो ।'' इस उक्ति से व्यायाम की अनिवार्यता स्पष्ट हो रही है । आयु और शक्ति के अनुसार व्यायाम करने से ही लाभ मिलेगा । अत: लोगों को व्यायाम प्रिय होना चाहिए ।